# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
## 11.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- शिमला के संजौली में मस्जिद के अवैध निर्माण मामले को लेकर हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन–प्रदर्शनकारियों पर पुलिस का लाठीचार्ज।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा–मस्जिद विवाद मामले में कानून के दायरे में कार्रवाई करेगी राज्य सरकार।
- भाजपा ने संजौली में प्रदर्शनकारियों पर सरकार की बल पूर्वक कार्रवाई को बताया दुर्भाग्यपूर्ण–लोगों की भावनाओं को आहत करने का लगाया आरोप।
- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–शिमला में 13 किलोमीटर से अधिक लम्बे रज्जू मार्ग का निर्माण अगले वर्ष होगा शुरू।

प्रदर्शन

राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में चर्चित मस्जिद विवाद मामले को लेकर आज विभिन्न हिन्दू संगठनों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। संजौली में आज धारा 163 लागू होने के बावजूद हिंदू संगठनों ने सड़कों पर उतरकर अवैध निर्माण के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में एक पुलिस जवान घायल हुआ है जबकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज के साथ–साथ पानी की बौछारें भी की। इस प्रदर्शन के दौरान संजौली में कारोबारियों ने बाजार में दुकानें बंद रखीं और संजौली से बस स्टैंड की तरफ बस सेवाएं बाधित होने से स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि बाद दोपहर पुलिस द्वारा स्थिति को नियंत्रित कर संजौली में माहौल सामान्य हो गया। इससे पहले सुबह 11 बजे कुछ प्रदर्शनकारियों ने संजौली पहुंचकर भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे भी लगाए। अपने समर्थकों के साथ संजौली पहुंचे हिंदू जागरण मंच के पूर्व महामंत्री कमल गौतम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

कमल गौतम ने कहा कि हिंदू समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस प्रदर्शन का समर्थन किया लेकिन यहां हिंदूओं की आवाज दबाने की कोशिश की गई। इस बीच देव भूमि संघर्ष समिति ने सोलन में मुस्लिम समुदाय की आबादी बढ़ने पर चिंता जताते हुए उपायुक्त मनमोहन शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। समिति के संयोजक गुरदीप सहानी ने बताया कि ज्ञापन में सोलन में इस समुदाय की सही पहचान कर जांच की जानी चाहिए।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि संजौली मस्जिद विवाद मामले में सरकार कानून के दायरे में कार्रवाई करेगी। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार का पहला दायित्व है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि ये मुद्दा विधानसभा में भी उठाया गया था और मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया था कि सरकार इस मामले को लेकर पक्ष और विपक्ष के

विधायकों की कमेटी बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों पर सरकार काम करेगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मामला नगर निगम की आदलत में चल रहा है और जो निर्णय आएगा सरकार उसे लागू करेगी। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि हिन्दू संगठनों की भावनाओं को सरकार समझती है और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का सभी को अधिकार है लेकिन कानून व्यवस्था से खिलवाड़ की किसी को भी इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में सभी धर्मों के लोगों को रहने का अधिकार है, लेकिन कुछ लोग इस मामले पर राजनीतिक लाभ लेने में लगे हैं जो प्रदेशहित में नहीं है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकार बाहरी राज्यों से हिमाचल आने वाले लोगों के खिलाफ नहीं है लेकिन पुलिस वैरिफिकेशन होना जरूरी है ताकि व्यक्ति के इतिहास की जानकारी रहे और किसी भी तरह का माहौल खराब न हो।

<u>जयराम ठाकुर</u>

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि संजौली में मस्जिद मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर बल प्रयोग और पानी की बौछारे करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। शिमला से जारी एक ब्यान में उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में सरकार द्वारा पहले ही दिन से पक्षपात पूर्ण कार्रवाई की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब स्पष्ट है कि मस्जिद कानूनी नहीं है तो न्यायोचित कार्रवाई की जानी चाहिए। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि इस मामले पर सरकार ने बातचीत करने की बजाए लोगों को धमकाकर उनकी भावनाओं को आहत करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे व जनभावनाओं को समझने में असफल रही और कांग्रेस हाईकमान के दबाव के चलते कानून के हिसाब से कार्रवाई नहीं कर पा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस मामले में सरकार का रवैया बेहद नकारात्मक रहा और बड़ी संख्या में भीड़ इक्कठी होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

<u>अनुराग ठाकुर</u>

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने संजौली में प्रदर्शनकारियों पर सरकार की बलपूर्वक कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे कांग्रेस का तानाशाही रवैया बताया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज, वाटरकैनन का प्रयोग, हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को जेल भेजना कांग्रेस के तानाशाही रवैये को दिखाता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश भर में आज हिमाचल की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने कहा कि आखिर स्वस्थ लोकतंत्र में जनता को विरोध करने से क्यों रोका जा रहा है और कांग्रेस राज में अब हिंदू समाज अपनी माँगों को लेकर विरोध प्रदर्शन भी नहीं कर सकता क्या? उन्होंने हिंदूवादी कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस सरकार की बर्बर पुलिस कार्रवाई की घोर निंदा की है। अनुराग ठाकुर ने संजौली प्रकरण पर उत्पन्न परिस्थितियों को गहराई से समझने की जरूरत बताते हुए इसके कारणों की जांच पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि डेमोग्राफ़ी को लेकर स्थानीय लोगों में जो भारी रोष है, उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। उन्होंने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राज्य सरकार से इसके समाधान की मांग की है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि शिमला में दुनिया का दूसरा, भारत व एशिया के पहले 15 स्टेशनों को जोड़ने वाले 13 किलोमीटर से अधिक लम्बे रज्जू मार्ग का निर्माण कार्य अगले वर्ष मार्च, माह से आरम्भ होगा। उन्होंने कहा कि इसे चार वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वे आज शिमला में रज्जू मार्ग के निर्माण के संबंध में उनसे मिलने आए न्यू डवेलपमेंट बैंक के तीन सदस्यीय दल के साथ बातचीत कर रहे थे। अग्निहोत्री ने बताया कि शिमला शहर में एक हजार 7 सौ 34 करोड़ 40 लाख रुपये से रज्जू मार्ग का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिमला में ट्रैफिक की समस्या के स्थाई समाधान, स्थानीय लोगों व पर्यटकों को यातायात की सुलभ सुविधा प्रदान करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने में यह परियोजना मील का पत्थर साबित होगी। अग्निहोत्री ने कहा कि रज्जू मार्ग के निर्माण के लिए भूमि की आवश्यकता सहित अन्य सभी औपचारिकताओं को प्रदेश सरकार शीघ्र पूरा करेगी और इसके निर्माण को लेकर निविदाएं इस वर्ष दिसम्बर तक आमंत्रित की जाएंगी।

मणिमहेश

चंबा ज़िला की विश्व विख्यात मणिमहेश यात्रा राधाष्टमी के शाही स्नान के साथ आज संपन्न हो गई। राधाष्टमी के अवसर पर पवित्र डल झील में आज करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और कैलाश पर्वत के दर्शन किए। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि यात्रा शांतिपूर्ण रही और इस दौरान श्रद्धालुओं को प्रशासन द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मणिमहेश यात्रा के दौरान करीब 5 लाख श्रद्धालु पहुंचे।

एचपीटीडीसी पैशनर्स

एचपीटीडीसी पैशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान एन. के. बाली की अध्यक्षता में अपनी मांगों को लेकर आज शिमला में पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली से मुलाकात की है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन निगम से सेवानिवृत कर्मचारियों को रियायती दरों पर आवास सुविधा, बाहय रोगी चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अंतरिम राहत की बकाया राशि, महंगाई भत्ते का बकाया, ग्रेच्यूटी लीव इन कैशमेंट और एक जनवरी 2016 से लागू वेतनमानों की बकाया राशि का बिना देरी के भुगतान करने का मामला उठाया। इस दौरान आर.एस. बाली ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

मांग

चंबा ज़िला की दुर्गम पांगी घाटी में लगातार लग रहे बिजली कट के कारण लोगों को परेशानियों सामना करना पड़ रहा है। पंगवाल एकता मंच के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने सर्दियों से पहले घाटी में बिजली कट की समस्या को दूर करने का राज्य सरकार से आग्रह किया है। उन्होंने स्थानीय लोगों की दिक्कतों को देखते हुए सरकार से घाटी में बिजली आपूर्ति प्रणाली को मजबूत करने का अनुरोध भी किया है।